# आज एक साथ रोपेंगे 1 लाख पौधे

## लोक निर्माण विभाग की पहल, मंत्री करेंगे शुभारंभ

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जून. लोक निर्माण विभाग द्वारा एक जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा. अभियान का शुभारंभ भोपाल के लिंक रोड क्रमांक-एक स्थित चिनार उद्यान में सुबह 10 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा पौधारोपण कर होगी.**



मंत्री सिंह ने कहा है कि हरित मप्र की कल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है. एक दिन में एक लाख पौधे लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं. यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है. इस प्रदेशव्यापी अभियान के तहत सभी जिलों में विभागीय विश्रामगृहों, कार्यालय परिसरों, सड़क किनारे की भूमि और अन्य चिन्हित स्थलों पर पौधरोपण किया जाएगा. अभियान में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता, कर्मचारी तथा आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेंगे.

जिलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे पूरे प्रदेश में एक साथ समन्वित रूप से यह अभियान संचालित हो सके. अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूर्व तैयारी के अंतर्गत सभी जिलों में उपयुक्त भूमि की पहचान, गड्ढों की खुदाई, पानी की व्यवस्था और पौधों की सुरक्षा से संबंधित सभी काम पहले ही पूरे कर लिए गए हैं. नर्सरियों से प्राप्त नीम, पीपल, अर्जुन, आम, अमरूद, कचनार, गुलमोहर जैसे छायादार और फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई है. इन पौधों का चयन स्थानीय जलवायु के अनुसार किया गया है.

> विभाग द्वारा केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहते हुएपौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है. प्रत्येक स्थान पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. विभागीय पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से निगरानी प्रणाली भी तैयार की गई है, जिसके माध्यम से पौधों की स्थिति की जिलावार रिपोर्ट तैयार की जाएगी. अभियान लोक निर्माण विभाग की मूल भावना लोक निर्माण से लोक कल्याण का जीवंत उदाहरण है. यह पहल एकदिनी नहीं है, बल्कि हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जिससे विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और हरियाली को भी समान महत्व मिल सके.

## डीसी सागर रिटायर, अनिल कुमार पदोन्नत

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जून. भारतीय पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी डीसी सागर सोमवार को रिटायर हो गये.**

उनके रिटायरमेंट के बाद भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के अधिकारी अनिल कुमार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महिला सुरक्षा पीएचक्यू एवं अतिरिक्त प्रभार कल्याण पुलिस पीएचक्यू को विशेष पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है.

पदोन्नति के बाद भी उनकी पदस्थापना यथावत रखी गई है. वहीं राजाबाबू सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण पीएचक्यू को उनके मौजूदा दायित्वों के साथ एडीजी शिकायत पीएचक्यू भोपाल के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. गृह विभाग ने इस संबंध में देर रात आदेश जारी कर दिये.



## नवनिर्मित सड़क धसकने की जांच होगी

### कलेक्टर ने पांच दिन में मांगा प्रतिवेदन, तकनीकी समिति गठित

**ग्वालियर. एजी ऑफिस पुल से माधव नगर गेट की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नवनिर्मित सड़क धसकने की जाँच के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा दो सदस्यीय तकनीकी दल गठित किया गया है. उन्होंने जाँच के लिये बिंदु निर्धारित कर पाँच दिन में जाँच प्रतिवेदन मांगा है.**

नवनिर्मित इस सड़क की गुणवत्ता एवं अन्य बिंदुओं की जांच के लिये गठित किए गए दल में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण देवेन्द्र भदौरिया व महाप्रबंधक पीएमजीएसवाई एम आई कुरेशी को शामिल किया गया है.

अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह ने बताया कि जाँच के लिये जो बिंदु निर्धारित किए गए हैं, उनमें सड़क निर्माण की तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति एवं एस्टीमेट/डीपीआर तैयार करने वाले अधिकारियों व इंजीनियर आदि की जानकारी, सड़क निर्माण के लिये नियुक्त एजेंसी व ठेकेदार का नाम, सड़क निर्माण में स्वीकृत डीपीआर अनुसार सामग्री का उपयोग किया जाना पाया गया अथवा नहीं शामिल हैं.



## देवास में कार्रवाई से आयोग संतुष्ट, दौरा किया निरस्त

▸ सीएम से मिले राष्ट्रीय अजजा आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्य को देवास जिले के घटनाक्रम और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम से अवगत कराया.आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आश्वासन से संतुष्ट होकर वे एक जुलाई को प्रस्तावित अपना देवास जिले का दौरा निरस्त कर रहे हैं. इस तरह आयोग ने देवास में सरकार की कार्रवाई को संतोषजनक माना है.

आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आयोग ने देवास जिले में जनजातीय वर्ग के लोगों के मकान हटाए जाने की घटना पर संज्ञान लिया था. इसे ध्यान में रखते हुए वे नई दिल्ली से मध्यप्रदेश प्रवास पर आए और इस संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट की है. आर्य ने कहा कि घटना पर विस्तृत चर्चा के पश्चात इस बात से संतुष्ट हूं कि इस संबंध में संवेदनशील और समुचित कार्यवाही की गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह और वरिष्ठ अधिकारी लक्ष्मण सिंह मरकाम को देवास जिला भेजा गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सरकार ने आवश्यक सुझाव उन्हें मान्य किए हैं. इस बात पर भी सहमति हुई है कि इस तरह की कोई घटना भविष्य में न हो इसका ध्यान विभिन्न पक्षों द्वारा रखा जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त किया है कि जनजातीय वर्ग का हित सुनिश्चित किया जाएगा.

> **दोषी अधिकारियों को बख्शेंगे नहीं**
> आर्य ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त किया है कि इस प्रकरण में किसी भी दोषी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा. जनजातीय वर्ग के हितों की रक्षा और उनका समग्र कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## प्रियांशी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

### वियतनाम में हुई कुश्ती प्रतियोगिता

**उज्जैन, 30 जून. जिला खेल अधिकारी ने जानकारी दी कि उज्जैन निवासी बालिका प्रियांशी पिता मुकेश बाबूलाल प्रजापति ने हाल ही में एशियाई चैंपियनशिप कुश्ती में वियतनाम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है.**



इस उपलब्धी पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रियांशी को शुभकामनाएं दी हैं . साथ ही जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं कुश्ती प्रेमियों ने भी प्रियांशी को बधाई दी है. उल्लेखनीय है कि प्रियांशी को 11 वर्ष की उम्र से ही कुश्ती का शौक रहा है , प्रियांशी की बड़ी बहन नुपुर भी कुश्ती की राष्ट्रीय स्तर की खिलाडी रही है. प्रियांशी ने विभिन्न स्पर्धाओं में मेडल प्राप्त किए हैं . जिनमें 2018 में अंडर 15 में जापान में चौथा स्थान प्राप्त किया ,जूनियर 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप बुल्गारिया में तीसरा स्थान प्राप्त किया ,जूनियर में ही 2023 में जॉर्डन एशियाई चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया ,2020 में सीनियर फेडरेशन कप पंजाब में गोल्ड मेडल प्राप्त किया एवं 2025 में सीनियर में एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड पदक प्राप्त कर प्रदेश एवं राष्ट्र का नाम गौरवांवित किया है. प्रियांशी आगामी 29 जुलाई को आयोजित होने वाली 53 किलो वर्ग में रैंकिंग सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप तुर्की में जाएेंगी व दल का प्रतिनिधित्व करेंगी.

## तराई अंचल में मूसलाधार बारिश

### पानी से लबालब भरे खेत-तालाब, अन्नदाता खुश

**नवभारत न्यूज**
**चितरंगी 30 जून. अंचल के सोनतीर इलाके में आज दिन सोमवार की शाम करीब 3 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से अंचल पानी-पानी हो गया. यहां के नाला उफान पर आने से फुलकेश स्कूल- खैरा मार्ग का संपर्क भी टूटा है. यहां का बेलहवा नाला उफान पर है.**

दरअसल अंचल में आज इन्द्र देवता मेहरवान हैं.

दोपहर के बाद से चितरंगी समेत तराई अंचल फुलकेश, खैरा गांगी, गोड़हा, बड़कुड़, नौडिहवा, पिपरवान, धरौली, पोड़ी समेत कई गांव में करीब 3 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश होने से खेत-तालाब लबालब पानी से भर गये हैं. वही फुलकेश गांव खैरा पहुंच मार्ग बेलहवा नाला पूरे सबाब पर है.

## नगरीय प्रशासन विभाग में डीपीसी 25 को

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जून.** नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन प्रक्रिया के तहत 25 जुलाई को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। इससे पहले 4 जुलाई को नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार की जायेगी. प्रदेश में 22 जुलाई को वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जायेगी, जिसके आधार पर 25 जुलाई को अंतिम प्रमोशन बैठक आयोजित की जायेगी. आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने संबंधित कार्यालयों को आदेश जारी कर प्रमोशन प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये हैं.

## प्रमुख अभियंता की जांच रिपोर्ट में शिकायत पाई गई निराधार

▸ मंत्री उइके पर किशोर समरीते ने लगाए थे आरोप

**भोपाल, 30 जून.** प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बालाघाट ने जल जीवन मिशन के संबंध में प्राप्त शिकायत का परीक्षण कर बताया कि शिकायतकर्ता किशोर समरीते द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हैं. शिकायत में कोई भी साक्ष्य संलग्न नहीं किए गए थे, बल्कि सूचना के अधिकार के तहत विभागीय अधिकारी द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्र को ही आधार बनाया गया. प्रमुख अभियंता ने स्पष्ट किया कि बालाघाट खंड के कार्यपालन यंत्री द्वारा शिकायतकर्ता को जानकारी दी गई थी कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है. इसके बावजूद उन्हीं जानकारियों को तोड़-मरोड़कर सार्वजनिक शिकायत के रूप में प्रस्तुत किया गया, प्रमुख अभियंता कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन की योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर किया जाता है तथा भुगतान भी स्थानीय खंड कार्यालय द्वारा माप पुस्तिका के सत्यापन के उपरांत होता है. ऐसे में प्रमुख अभियंता या उनके कार्यालय के कर्मचारी पर आरोप लगाना निरर्थक है.

## मयंक ने किया मडियादो ग्राम का नाम रोशन

### नारकोटिक्स ब्यूरो में जूनियर इंटेलिजेंस पद पर हुआ चयन

**मड़ियादो/दमोह, 30 जून. मडियादो निवासी प्रतीक ( मयंक ) अग्रवाल 27 वर्ष का चयन एसएससी सीजीएल 2024 ग्रह मंत्रालय के अन्तर्गत नारकोटिक्स ब्यूरो में जूनियर इंटेलीजेंस ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है. जिसका रिजल्ट मार्च में आया था.**



बाकी की बची हुई औपचारिकताएं जून महीने में संपन्न हुई.पद पर ज्वाइन करने के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. शुभचिंतकों द्वारा मयंक की उपलब्धि पर बधाई, शुभकामनाएं दी गई और स्वागत किया गया.बता दे कि मयंक इस शासकीय सेवा में जाने से पहले सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पदस्थ थे.

मयंक के अनुसार उनकी इस उपलब्धि का श्रेय उनके पिता भगवान दास अग्रवाल ओर मां रीना अग्रवाल सहित पूरे परिवार का है. जिन्होंने सफलता के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है.

> प्रतीक मयंक द्वारा बारहवीं की पढ़ाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडियादो से पूर्ण करते हुए भोपाल के एलएनसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज में अपनी ग्रेजूयेशन कम्पलीट की. उसके तुरंत बाद भी पढ़ाई जारी रखकर तैयारी में जुट रहे. कॉलेज की पढ़ाई के दौरान भी प्रतीक ने जूडो कराटे में भी अपनी रूचि दिखाई.

## गोली मारकर दंपति के साथ लूट

**दतिया.** बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर दंपति के साथ लूट कर दी. गंभीर हालत में पति को ग्वालियर रैफर किया गया है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दिनारा रोड ग्राम चौपरा के पास यह घटना हुई. बाइक सवार प्रदुम्न पुत्र गुलाब अहिरवार निवासी कुम्हेडी अपनी पत्नी खुशबू के साथ उद्धवां से गांव लौट रहा था. जैसे ही वह चौपरा गांव के पास पहुंचा. तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश आये और कट्टे से प्रदुम्म के ऊपर गोली चला दी. गोली चलते ही प्रदुम्म घबरा गया और बाइक रोक दी. इसके बाद बदमाशों ने कट्टे की नोक पर पत्नी से जेवरात लूट लिए. जब प्रदुम्म ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए. वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल प्रदुम्न को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया है.

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी विदाई

**बैरसिया, 30 जून. शासकीय हाई स्कूल इमलिया नरेंद्र में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक अमरचंद साहू सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं. सेवानिवृत्त शिक्षक साहू को स्कूल इमलिया नरेंद्र सहित गर्ल्स हायर सेकंडरी संकुल स्कूल में साथी शिक्षकगणों ने शाल श्रीफल और प्रतीकचिन्ह के साथ पुष्पमालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी.**



बता दें कि सरल, मिलनसार स्वभाव के शिक्षक अमरचंद साहू की शिक्षा विभाग में पहली नियुक्ति 5 जनवरी 1994 में हबीबगंज स्कूल में हुई थी, इसके बाद उन्होंने अपनी सेवाएं शासकीय सरोजनी नायडू कन्या शाला स्कूल, माध्यमिक शाला खूटियापुरा, प्राथमिक शाला भकवाह टोला एवं प्राथमिक नहारिया में दीं. विदाई समारोह में शिक्षक साहू का सम्मान करने वालों में संकुल स्कूल प्राचार्य गीता जोशी, वरिष्ठ व्याख्याता राजीव व्यास, शोहिल सिद्दिकी, दिनेश कुमार शुक्ला, अनिल वर्मा , गजेंद्र सिंह राजपूत, शिशुपाल सिंह राजपूत, योगेश सक्सेना, आशीष परतानी, राजेश चौरसिया, जितेंद्र मिश्रा, नरेंद्र कुमार जाटव सहित कई शिक्षक शामिल थे.

## जमीनी को लेकर भाइयों के बीच खूनी संघर्ष

**सतना. मां का निधन हुए पखवाड़ा भी नहीं बीता कि भाई के परिवारों के बीच जमीन को लेकर खूनी संघर्ष शुरु हो गया. इस घटना के चलते एक ओर जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरी ओर आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के बदेरा थ्राना अंतर्गत ग्राम बाराखुर्द में रात दो भाईयों के परिवार के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरु हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते लाठियां चलने लगीं. इस खूनी संघर्ष में रामलाल साकेत 45, सुखलाल साकेत 50, पवन 23, आशा 48, मुकेश 40, गया 38और अजय 35 बुरी तरह घायल हो गए.

## केआरएच में फिर लगी आग

▸ बच्चों का आईसीयू दहका
▸ वेंटीलेटर से 8 नवजात बच्चों को किया शिफ्ट



**ग्वालियर. ग्वलियर चंबल संभाग के सबसे बड़े हॉस्पिटल जेएएच में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. केआरएच के पास बने मदर वार्ड में एसएनसीयू की दीवार के बाहर लगी एमसीबी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई.**

आग लगते ही धुआं एसएनसीयू के अंदर भरने लगा. साथ ही एसएनसीयू के आधे हिस्से की लाइट गुल हो गई. जिस हिस्से की लाइट गुल हुई थी वहां 8 नवजात वेंटीलेटर पर थे. एसएनसीयू में तैनात डॉक्टरों ने वेंटीलेटर सहित सभी 8 नवजातों को उस हिस्से में शिफ्ट किया जहां बिजली आ रही है. तब जाकर इन नवजात की जान बच सकी. केआएच में अभी तक चार बार शॉर्ट सर्किट से आग लग चुकी है. इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है.


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी बृजेश शर्मा निवासी म.नं. 17, मालवीय नगर, भोपाल से फ्लैट (पुराना क्र. 3) नया नंबर 305, शारदा अपार्टमेंट, वार्ड क्र. 34, जनपद पंचायत फंदा को विक्रय अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है. यदि किसी संस्था, शासकीय, अशासकीय बैंक, ऋण गिरवी रहन या किसी विभाग का कुछ बकाया लेन-देन या किसी व्यक्तियों का कोई दखल हो तो वे जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें. तदोपरांत मेरा पक्षकार उपरोक्त फ्लैट की रजिस्ट्री करवा लेगा, फिर किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी.

भवदीय
मो. अकील खान (एडवोकेट)
पता- 112, नवाब कॉलोनी, शहंशाह गार्डन, रायसेन रोड, भोपाल म.प्र.
मो.नं. 9826068697, 8319337580


अभियान | बेटियों को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल

## चंदेरी पैडल फेस्ट साइकिल रैली का आयोजन

**नवभारत रिपोर्टर**
**अशोकनगर, 30 जून. चंदेरी पैडल फेस्ट साइकिल रैली अशोकनगर जिले में चंदेरी तक आयोजित की गई. यह रैली न केवल एक साहसिक साइक्लिंग यात्रा रही, बल्कि यह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को समर्पित एक जन-जागरुकता अभियान भी है. आयोजन का शुभारंभ जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया. आयोजन का सफल संचालन ग्रीन प्लैनेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन द्वारा अशोकनगर जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया.**



वरिष्ठ समन्वयक अखिलेश अग्रवाल एवं संकल्प बिनी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य केवल साइक्लिंग नहीं, बल्कि रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण, कन्या शिक्षा, और सामाजिक समानता के प्रति जनमानस को प्रेरित करना था. यह प्रेरणादायक यात्रा भोपाल से शुरू होकर अशोकनगर होते हुए चंदेरी तक लगभग 245 किलोमीटर की दूरी तय कर सम्पन्न हुई. इस रैली में भोपाल के 55, गुना व शिवपुरी सहित कुल 100 से अधिक राइडर्स ने भाग लिया, जिनमें महिला प्रतिभागियों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही.

> इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रेवा शक्ति अभियान का उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार लाना, और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है. चंदेरी पैडल फेस्ट इस दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ है. रैली में शामिल हुई महिलाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब अवसर और मंच मिलता है, तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं. खास बात यह रही कि कलेक्टर महोदय की धर्मपत्नी ने भी इस रैली में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 60 किमी की साइकिल यात्रा पूरी की.



## जेई पाराशर से मिले उपभोक्ता

**बैरसिया, 30 जून. मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बैरसिया में हाल ही में पदस्थ हुए जेई संघर्ष पाराशर से सोमवार को क्षेत्र के कई वरिष्ठ नागरिकों ओर उपभोक्ताओं ने पुष्पगुच्छ के साथ भेंट की ओर उन्हें बधाई दी.**

इस अवसर पर जेई पराशर ने कहा कि नगर में बिजली व्यवस्था को सुचारू रखना हमारी जिम्मेदारी है. लेकिन विद्युत उपभोक्ता भी ध्यान रखें कि अपना बकाया बिल समय पर जमा कराएं और असुविधा से बचें. जेई पाराशर ने कहा कि नगर में अभियान चलाकर विद्युत चोरी एवं खपत / लोड भार की जांच की जाएगी और मौके पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा. इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक ओर उपभोक्ताओं ने मुलाकात की ओर बधाई दी.